B **709**

समग्र शिक्षा केरल

वार्षिक मूल्यांकन 2018-19

हिंदी

कक्षा : 7 **समय : 2 घंटे**

सामान्य निर्देश–

- **पंद्रह मिनिट** का कूल ऑफ़ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- **पहली** गतिविधि अनिवार्य है।
- कुल **पाँच** गतिविधियों के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक शेर जंगल से जा रहा था। अचानक उसके पैर में एक काँटा लगा। उसने ज़ोर से आवाज़ लगाई। उस समय वहाँ एक चूहा आया। चूहे ने कहा- 'दोस्त, मैं सहायता करूँगा।' शेर ने अपना पैर चूहे को दिखाया। चूहे ने काँटा निकाला। शेर खुश हुआ। उसने बताया -'दोस्त, मैं तुम्हारी यह सहायता कभी नहीं भूलूँगा।'

क) कौन जंगल से जा रहा था?

अ) शेर आ) भालू इ) बंदर ई) हाथी

ख) शेर ने ज़ोर से आवाज़ लगाई । क्यों?

अ) पेट दर्द के कारण आ) साँप काटने के कारण

इ) पत्थर लगने के कारण ई) पैर में काँटा लगने के कारण

ग) "दोस्त, मैं तुम्हारी यह सहायता कभी नहीं भूलूँगा।" किसने कहा?

अ) चूहे ने आ) शेर ने इ) आदमी ने ई) बंदर ने

घ) सही प्रस्ताव कौन-सा है?

अ) चूहा डरपोक है। आ) चूहा परोपकारी है।

इ) चूहा क्रूर है। ई) चूहा स्वार्थी है।

ङ) काँटा कहाँ लगा?

अ) शेर के पैर में आ) शेर के गले में

इ) शेर के पेट में ई) शेर के सिर में

गतिविधि 2

सूचना : कवितांश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

काला बादल छाया है
खुशियाँ साथ लाया है
ठंडी हवा चलती है
छोटी बूँदें गिरती हैं
झूम उठा है सारा जग
बारिश का दिन आया है।

क) कवितांश का आशय लिखें।

ख) सही मिलान करें ।

छोटी	बादल
	बूँदें
ठंडी	हवा

गतिविधि 3

सुचना : 'एक दौड़ ऐसी भी' का अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सभी जीतने की उत्सुकता के साथ आगे बढ़े। तभी एक छोटा लड़का ठोकर खाकर लड़खड़ाया गिरा और रो पड़ा।

क) छोटे लड़के की डायरी तैयार करें।

ख) नमूने के अनुसार लिखें।

सूरज निकलता है। सूरज निकलने लगा।
नदी बहती है । ____________।

गतिविधि 4

सूचनाः विराट कोहली की जीवनी का अंश पढ़ें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

विराट कोहली भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान हैं। इनका जन्म 1988 नवंबर 5 को दिल्ली में हुआ था। इनकी माता का नाम सरोज कोहली और पिता प्रेमजी हैं। उनकी पत्नी प्रसिद्ध अभिनेत्री अनुष्का शर्मा है। कोहली 'चीकू' के उपनाम से भी जाने जाते हैं। उन्हें 2017 को पद्मश्री, 2018 को राजीवगाँधी खेल रत्न पुरस्कार आदि उपलब्धियों से सम्मानित किया गया था ।

क) विराट कोहली की प्रोफाइल तैयार करें।

नाम	–
जन्म	–
माता-पिता	–
उपलब्धियाँ	–

ख) नमूने के अनुसार वाक्य बनाएँ।

- कोच ने विराट को क्रिकेट सिखाया
  विराट ने क्रिकेट सीखा।
- पिता ने बेटे को गीत सुनाया।
  ____

गतिविधि 5

सूचना : चित्रों को देखें और अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।



क) क्रमबद्ध करके लिखें।

- कुत्ते ने पानी में अपनी छाया देखी।
- कुत्ते को रास्ते से रोटी मिली।
- कुत्ते के मुँह से रोटी पानी में गिरी।
- रोटी लेकर कुत्ता पुल पर चढ़ा।

ख) कहानी के लिए उचित शीर्षक दें।

गतिविधि 6

सूचना :-उद्घोषणा पढ़कर अनुबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

प्यारे बच्चो,
मार्च 22 विश्व जलदिवस है। इस अवसर पर स्कूल हिंदी मंच की ओर से जल संरक्षण पर एक नाटक की प्रस्तुति होगी। नाटक का उद्घाटन पी टी ए अध्यक्ष करेंगे।

क) विश्व जल दिवस कब मनाते हैं?

ख) कार्यक्रम संबंधी एक पोस्टर तैयार करें।